# DISTRIBUTION OF POPULATION IN INDIA

संसार की जनसंख्या अथवा किसी भी देश की जनसंख्या उसके सभी भागों में समान रूप से वितरित नहीं होती है। भारत के लिए भी यह तथ्य लागू होता है। देश के कुछ भागों में घनी जनसंख्या है कुछ भागों में मध्यम जनसंख्या है तो कुछ भाग विरल बसे हैं।

जनसंख्या के वितरण एवं घनत्व को प्रभावित करनेवाले कारक :—

(A) भौतिक कारक (B) सामाजिक-आर्थिक

(A) भौतिक कारक :- ये जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। भौतिक कारकों में सम्मिलित हैं।

(a) भूमि की बनावट या आकृति,

(b) जलवायु

(c) मृदा

यद्यपि विज्ञान और तकनीक में बहुत अधिक प्रगति होने से भौतिक कारक के विपरित स्थानों पर भी जनसंख्या बसाव पाई जाती है किन्तु भू-आकृति का या भौतिक कारक का प्रभाव बरकरार है।

Scanned by SelfScan

(B) सामाजिक - आर्थिक कारक :-

भौतिक कारकों के समान ही सामाजिक - आर्थिक कारक भी जनसंख्या के वितरण तथा घनत्व को प्रभावित करते है। सामान्य तौर पर आम सहमति है कि सामाजिक एवं आर्थिक (अभौतिक) कारकों की भूमिका बढ़ी है।

विभिन्न सामाजिक -आर्थिक कारक जो जनसंख्या की बसावट मे विभिन्नता लाते है वो इस प्रकार से है:-

1. सामाजिक
2. आर्थिक
3. राजनैतिक
4. धार्मिक
5. प्राकृतिक संसाधनों का दोहन है।

## राज्य स्तर पर जनसंख्या का वितरण

भारत मे राज्य स्तर पर उपलब्ध जनसंख्या के आकड़ो के आधार पर जनसंख्या घनत्व को तीन श्रेणियों मे बांटा जा सकता है।

(a) अधिक वितरण क्षेत्र (b) मध्यम (c) न्यून

Scanned by SelfScan

(A) अधिक घनत्व वाले क्षेत्र :-

जहाँ जनसंख्या 400 व्यक्ति प्रति वर्ग km से ज्यादा पाया जाता है। इन क्षेत्रों मे घनी आबादी होने का मुख्य कारण (a) उपजाऊ मिट्टी तथा (b) भरपूर वर्षा है। तथा उच्च शहरीकरण आधुनीकीकरण है जहाँ नौकरी के अवसर है। ऐसे राज्य है — तमिलनाडु, केरल, दिल्ली पश्चिमबंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश आदि

(B) मध्यम वितरण वाले क्षेत्र :-

इस श्रेणी मे वे राज्य तथा संघ शासित क्षेत्र आते है, जिनका जनसंख्या घनत्व 100 — 400 व्यक्ति प्रति वर्ग km है ये राज्य है — आन्ध्रप्रदेश, असम, महाराष्ट्र, राजस्थान, त्रिपुरा, मेघालय गुजरात, गोवा, उड़ीसा

(C) कम घनत्व वाले क्षेत्र :-

उपर्युक्त दोनो वर्गों के घनत्व वाले क्षेत्र के अलावा शेष बचे राज्य जहाँ जनसंख्या 100 व्यक्ति से भी कम प्रति वर्ग km मे रहते है जैसे :— अरुणाचलप्रदेश, मिजोरम, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह।

| सारिणी 26.1 जनसंख्या वृद्धि (1901-2001) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जनगणना वर्ष | जनसंख्या करोड़ में | मूल बदलाव करोड़ में | बदलाव प्रतिशत में | औसत वार्षिक वृद्धि प्रतिशत में |
| 1901 | 23.840 | - | - | - |
| 1911 | 25.209 | +1.370 | 5.75 | 0.56 |
| 1921 | 25.132 | -0.077 | -0.31 | -0.03 |
| 1931 | 27.898 | +2.766 | 11.0 | 1.04 |
| 1941 | 31.866 | +3.968 | 14.22 | 1.33 |
| 1951 | 36.109 | +4.243 | 13.31 | 1.25 |
| 1961 | 43.923 | +7.815 | 21.64 | 1.96 |
| 1971 | 54.816 | +10.892 | 24.80 | 2.22 |
| 1981 | 68.333 | +13.517 | 24.66 | 2.22 |
| 1991 | 84.339 | +16.306 | 23.86 | 2.14 |
| 2001 | 102.702 | +18.063 | 21.34 | 1.93 |

Scanned by SelfScan




**Scanned by SelfScan**